## एक नजर में

### योग के प्रति किया जा रहा जागरूक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिला आयुष अधिकारी डॉ विनोद कुमार के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून की पूर्व तैयारी के उपलक्ष्य में एवं योग के प्रति जागरूकता लाने के लिए अभियान द्वारा जिले में आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं सार्वजनिक स्थानों पर आयुष विभाग द्वारा योग शिविर आयोजित कराए जा रहे है जिसमें आज दिनांक तक लगभग 1905 लाभार्थी योग शिविर का लाभ प्राप्त कर चुके हैं।**

नोडल अधिकारी द्वारा यह बताया गया है। साथ ही आम जनता को योग के प्रति जागरूक किया जा रहा है इसके साथ आयुष विभाग के कर्मचारियों द्वारा घर घर जा कर योग के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ विनोद कुमार द्वारा अधिक से अधिक लोगों को इस कार्यक्रम में इस लिंक के माध्यम से जुड़ने की अपील की जा रही है जिससे आमजन मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सके। टीकमगढ़ जिले में आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं सार्वजनिक स्थानों पर आयुष विभाग टीकमगढ़ द्वारा योग शिविर आयोजित कराए जा रहे है जिसमें आज दिनांक तक लगभग 1905 लाभार्थी योग शिविर का लाभ प्राप्त कर चुके हैं।

# शौर्य संकल्प प्रशिक्षण में खराब भोजन देने के लगे आरोप

**70 लड़के एवं 30 लड़कियां ले रहीं प्रशिक्षण**

**बीते दिनों शौर्य संकल्प योजना का हुआ था शुभारंभ**

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ। सैन्य बल और अन्य समकक्ष सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ढोंगा मैदान के पास स्थित हॉस्टल में करीब 70 लड़कों और 30 लड़कियों को ठहराया गया है। दो दिन पहले ही शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना का शुभारंभ हुआ था।**





जानकारी के अनुसार रविवार को लड़कों वाले प्रशिक्षण केंद्र में नाश्ते और खाने की गुणवत्ता को लेकर प्रशिक्षुओं और भोजन बनाने वाले कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। प्रशिक्षण ले रहे युवाओं का आरोप है कि उन्हें खराब गुणवत्ता वाला नाश्ता और भोजन दिया जा रहा है, जो समय पर भी नहीं मिलता। प्रशिक्षणार्थी राजेंद्र लोधी ने बताया कि योजना के शुभारंभ के बाद से कोई अधिकारी या जनप्रतिनिधि निरीक्षण के लिए नहीं आया। सुबह की शारीरिक कसरत के बाद उन्हें अच्छा नाश्ता नहीं मिलता और खाने की गुणवत्ता भी खराब है। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोध करने पर खाना बनाने वाले कर्मचारियों ने उनके साथ अभद्रता की। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है।वहीं, भोजन बनाने वाले कर्मचारियों का कहना है कि प्रशिक्षण ले रहे कुछ लड़कों ने सुबह से ही नाश्ते और खाने को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी थी, जिसके बाद कहासुनी हुई। युवाओं को आजीविका मिशन भवन स्थित सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र ढोंगा में ठहराया गया है। उन्होंने नाश्ते और खाने की गुणवत्ता में सुधार की मांग की है।इस मामले में पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी राघव पटसारिया ने बताया कि शासन की ओर से प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी के लिए नाश्ते और दोनों समय के भोजन हेतु 110 रुपये का बजट निर्धारित है। उन्होंने दावा किया कि सभी लड़के-लड़कियों को बेहतर नाश्ता और खाना दिया जा रहा है और यदि कोई शिकायत है तो उसका समाधान किया जाएगा।सैन्य बल और अन्य समकक्ष सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ढोंगा मैदान के पास स्थित हॉस्टल में करीब 70 लड़कों और 30 लड़कियों को ठहराया गया है। दो दिन पहले ही शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना का शुभारंभ हुआ था। शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना के तहत सैन्य बल एवं अन्य समकक्ष सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं ने प्रशिक्षण केंद्र में भोजन और नाश्ते की खराब गुणवत्ता को लेकर नाराजगी जताई है। रविवार को ढोंगा मैदान के पास स्थित लड़कों के आवासीय प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षुओं और भोजन बनाने वाले कर्मचारियों के बीच विवाद की स्थिति बन गई। मामला इतना बढ़ गया कि प्रशिक्षणार्थियों ने खुले तौर पर अपनी समस्याएं सामने रखीं और व्यवस्था पर सवाल खड़े किए।

### निरीक्षण नहीं करने का लगाया आरोप

प्रशिक्षणार्थी राजेंद्र लोधी ने बताया कि योजना शुरू होने के बाद से अब तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी या जनप्रतिनिधि ने केंद्र का निरीक्षण नहीं किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब प्रशिक्षुओं ने भोजन की गुणवत्ता को लेकर शिकायत की तो भोजन बनाने वाले कर्मचारियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें प्रशिक्षु अपनी नाराजगी व्यक्त करते दिखाई दे रहे हैं। विवाद के दौरान कुछ समय के लिए प्रशिक्षण केंद्र का माहौल तनावपूर्ण हो गया। प्रशिक्षुओं ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल भोजन व्यवस्था में सुधार करे और नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए।

### गुणवत्ताहीन भोजन से स्वास्थ्य प्रभावित होने की संभावना

प्रशिक्षुओं का आरोप है कि सुबह की कठिन शारीरिक ट्रेनिंग के बाद उन्हें पौष्टिक नाश्ता नहीं दिया जा रहा। नाश्ता और भोजन दोनों की गुणवत्ता बेहद खराब है और कई बार समय पर भोजन भी उपलब्ध नहीं कराया जाता। युवाओं का कहना है कि भर्ती की तैयारी में शारीरिक क्षमता सबसे महत्वपूर्ण होती है, ऐसे में गुणवत्ताहीन भोजन उनके स्वास्थ्य और प्रदर्शन दोनों को प्रभावित कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार द्वारा युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई योजना तभी सफल हो सकेगी, जब व्यवस्थाएं पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण हों। फिलहाल मामले को लेकर प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर युवाओं और छात्रों में लगातार आक्रोश देखने को मिल रहा है। शहर के गांधी चौराहे पर छात्रों और कांग्रेस संगठन के कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि नीट परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ियों और पेपर लीक ने लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकार में डाल दिया है।**

मशाल जुलूस के दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि देश के युवाओं की मेहनत और सपनों के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनका कहना था कि छात्र वर्षों तक कठिन परिश्रम कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाएं उनकी मेहनत पर पानी फेर देती हैं। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने मांग की कि नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि जब देश के भविष्य यानी छात्रों के साथ अन्याय होगा, तब सड़कें खामोश नहीं रहेंगी और लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाई जाती रहेगी। गांधी चौराहे पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से निकाला जहां प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने और युवाओं के भविष्य की सुरक्षा की मांग उठाई।

# पीएम का निर्देश मिलते ही केन्द्रीय मंत्री ने ई-रिक्शा से किया सफर



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार शनिवार शाम रेलवे स्टेशन से अपने निवास तक ई-रिक्शा में बैठकर पहुंचे। छतरपुर दौरे से लौटने के बाद उन्होंने सरकारी वाहन के बजाय सार्वजनिक परिवहन का विकल्प चुना।**

डॉ. कुमार शाम 6.30 बजे खजुराहो-भोपाल महामना ट्रेन से स्टेशन पहुंचे थे। वहां से उन्होंने सिविल लाइन रोड स्थित अपने बंगले तक जाने के लिए ई-रिक्शा लिया। मंत्री ने यात्रा पूरी होने के बाद रिक्शा चालक को स्वयं किराया भी चुकाया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक ईंधन संकट के मद्देनजर जनप्रतिनिधियों से काफिले कम करने और ईंधन बचाने का आग्रह किया था। इसी अपील के प्रभाव में डॉ. कुमार ने यह कदम उठाया।

इससे पहले उन्होंने नौगांव से छतरपुर तक यात्री बस में भी सफर कर चुके हैं।डॉ. वीरेंद्र कुमार अक्सर अपनी सादगी के लिए चर्चा में रहते हैं। वे पहले भी बिना सुरक्षा गार्ड के सब्जी मंडी में खरीदारी करते और दिव्यांगों वाली साइकिल चलाते देखे गए हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक सार्वजनिक साधनों का उपयोग कर देश में ईंधन की बचत करने की लोगों से बात कहीं है। जिससे बचत हो सके।

## आज होगी टीएल की बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टीएल की बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें अधिकारियों को द्वारा आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।**

प्रत्येक सोमवार की तरह आज सोमवार को प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया जएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे। बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा होगी।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर गतिविधियां आयोजित

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी अनुरागी के निर्देशन में जिला एवं खण्ड स्तर पर राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।**




इस अवसर पर जिला मुख्यालय पर जिला मलेरिया कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. डीएस भदौरिया आरएमओ, डॉ. योगेश यादव मेडीसिन विशेषज्ञ, एचएम रावत जिला मलेरिया अधकारी, डॉ. अंकुर साहू जिला अस्पताल प्रबंधक, प्रबल त्रिपाठी डीसीएम, जिला मीडिया अधिकारी स्वास्थ्य मनोज नायक, जिला अस्पताल एवं मलेरिया कार्यालय का स्टाफउपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुये डॉ. योगेश यादव मेडीसिन विशेषज्ञ द्वारा डेंगू बीमारी के लक्षण, उपचार एवं जांच के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। शरीर पर लाल चकत्ते, तेज बुखार, जोड़ों में दर्द, सिर दर्द होने पर सीबीसी और डेंगू बुखार की तत्काल ऐलाइजा जांच करायें, जिससे कि गंभीर स्थिति नाक, मुह, और अन्तरांगों से खून बहना और कोमा एवं शॉक सिन्ड्रोम में मरीज नहीं पहुंच सके।

## बेरोजगारों के लिए लगेगा मेला

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। जिले के वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के सहयोग से शासकीय पीजी कॉलेज टैगोर हॉल, कुण्डेश्वर रोड टीकमगढ़ में 21 मई 2026 को प्रात: 11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।**

रोजगार मेले में टीकमगढ़ जिले के समस्त वेरोजगार युवा अपने समस्त प्रमाण पत्रों, समग्र आईडी सहित उपस्थित होकर देश-प्रदेश की जानी-मानी निजी कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के सहयोग से शासकीय पीजी कॉलेज 21 मई को प्रात: 11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेल का आयोजन किया जा रहा है।

# गंदगी का निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। वार्ड क्रमांक 16 में जलभराव और गंदगी की समस्या के बाद सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने शनिवार को क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद सफाई कर्मचारियों को गंदे पानी की निकासी और नालियों के पुनर्निर्माण के निर्देश दिए।**



वार्ड निवासी लंबे समय से सड़क पर जमा गंदे पानी और बदबू से परेशान थे। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ के निर्देश पर तत्काल गलियों की सफाई कराई गई। गंदे पानी की निकासी के लिए नालियों को साफ किया गया और संक्रमण से बचाव के लिए ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। वार्डवासियों को जल्द ही समस्या के स्थायी समाधान का आश्वासन दिया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि करीब 15 दिन पहले नगर पालिका प्रशासक और डिप्टी कलेक्टर अंजली शर्मा ने भी वार्ड का दौरा कर समाधान की बात कही थी, लेकिन तब कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी। अब सीएमओ की सक्रियता के बाद कार्य शुरू हुआ है। निरीक्षण के समय वार्ड पार्षद अजय यादव, पार्षद पति महेश साहू और सफाई अधिकारी राकेश हवलदार सहित सफाई कर्मचारियों की पूरी टीम उपस्थित रही। टीम ने वार्ड की उन गलियों का मुआयना किया जहां नालियां चोक होने के कारण पानी सड़क पर फैल रहा था।वार्ड क्रमांक 16 में जलभराव और गंदगी की समस्या के बाद सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने शनिवार को क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद सफाई कर्मचारियों को गंदे पानी की निकासी और नालियों के पुनर्निर्माण के निर्देश दिए।

# महिला कांग्रेस जिला प्रभारी ने भाजपा सरकार को घेरा

**बैठक में महिला कांग्रेस सहित कार्यकर्ता शामिल**

**जिला पंचायत सदस्य ने केन्द्र सरकार पर लगाए आरोप**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। रविवार को महिला कांग्रेस की जिला प्रभारी प्रभा बागरी ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें महिला कांग्रेस सहित कई प्रकोष्ठों के पदाधिकारी शामिल हुए।**




यह बैठक मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया के निर्देश पर आयोजित की गई थी। इसमें पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, अनुसूचित जाति कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस, सेवादल और युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।बैठक के दौरान जिला पंचायत सदस्य सुषमा सिंह बुंदेला ने कहा कि रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा की जरूरत की चीजें महंगी होने से मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों को परेशानी हो रही है।प्रभा बागरी ने कहा कि महंगाई के कारण गरीब परिवारों के लिए राशन खरीदना भी मुश्किल हो रहा है। उन्होंने भाजपा सरकार पर पूंजीपतियों के हित में काम करने का आरोप लगाया।पार्टी कार्यकर्ताओं से घर-घर पहुंचकर जनता को मौजूदा हालात के बारे में बताने की अपील की। बैठक में प्रभा बागरी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से लोगों के बीच जाकर सरकार की नीतियों और महंगाई के मुद्दे को उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर जनता को मौजूदा हालात से अवगत कराएं। इस दौरान नवीन साहू, गौरव शर्मा, संजय नायक, राम कुमारी द्विवेदी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

टीकमगढ़ में रविवार को महिला कांग्रेस की जिला प्रभारी प्रभा बागरी ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें महिला कांग्रेस सहित कई प्रकोष्ठों के पदाधिकारी शामिल हुए।यह बैठक मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया के निर्देश पर आयोजित की गई थी। इसमें पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, अनुसूचित जाति कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस, सेवादल और युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।

**धोखाधड़ी** — **मोहनगढ़ क्षेत्र का मामला निकलकर आया सामने**

# कियोस्क बैंक संचालक ने की धोखाधड़ी, पुलिस में शिकायत दर्ज

**नवभारत न्यूज, मोहनगढ़। मोहनगढ़ थाना क्षेत्र के मोहनगढ़ कस्बे में स्थित एक ग्रामीण बैंक लिंक ग्राहक सेवा केंद्र संचालक पर खाता धारकों ने लाखों रुपए के गबन के गंभीर आरोप लगाए हैं। बताया गया कि मोहनगढ़ थाने के समीप एक कियोस्क बैंक अर्थात ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन हो रहा है जिसका संचालक शीतल केवट पिता गुमान केवट द्वारा किया जा रहा है।**




मोहनगढ़ थाना क्षेत्र के दरगाह खुर्द निवासी सुन्नूलाल रजक ने बताया वर्ष 2023 में मध्य प्रदेश सरकार एवं प्रशासन द्वारा ने मेरे नाम से पीएम आवास की राशि स्वीकृत किया गया था, जिसकी प्रारंभिक किस्त खाता नंबर-25468002510972 में डाली गई। उपर्युक्त खाते में डाली गई राशि को निकलवाने के लिए मैं सुन्नू रजक नजदीकी ग्राहक सेवा केंद्र पवार हाउस के समीप मोहनगढ़ पहुंचा और ग्राहक सेवा केंद्र संचालक शीतल केवट से अपने खाते से पैसा निकालने को कहा तो ग्राहक सेवा केंद्र संचालक शीतल केवट द्वारा बुजुर्ग सुन्नू रजक के फिंगर प्रिंट लगता लिए गए और कहा गया कि अभी सर्वर नहीं चल रहे कल आकर पैसे निकलवा लेना इसके बाद अगले दिन सुन्नू रजक जब ग्राहक सेवा केंद्र पहुंचा तो कियोस्क बैंक संचालक बोला तुम्हारे खाते में केवल 10000 हैं, चुकी पीड़ित के खाते में कुछ दिन पूर्व 25000 की किस्त स्थानांतरित हुई थी। जिसकी शिकायत पीड़ित ने संबंधित थाने में की तो पुलिस ने खाताधारक की हिस्ट्री चेक की तो पता चला कि उक्त खाते से 15000 का ऑनलाइन आहरण हुआ है जाकर बैंक वाले से संपर्क करो।

पीड़ित का कहना है कि पहले तो कियोस्क बैंक संचालक यह कहता रहा कि बाद में देख लेंगे और आपके खाते में यदि पैसे फस गए तो आ जाएंगे चिंता नहीं करो लेकिन कुछ समय के बाद उसने साफ मना कर दिया कि इस पैसों से मेरा कोई लेना देना नहीं, फिर वह जोड़ने जिले में शिकायत की लेकिन उसे न्याय नहीं मिला। आज भी पीड़ित न्याय के लिए भटक रहा है। इसी तरह पंचमपुरा निवासी हीरालाल चढ़ार ने भी कियोस्क बैंक संचालक पर 24000 के गवन का आरोप लगाया है। आसपास के और अन्य लोगों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कियोस्क बैंक संचालक ने फर्जी तरीके से पैसे निकाल कर कई लोगों को चूना लगा दिया है जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। कियोस्क बैंक संचालक शीतल केवट का कहना है कि हमारे यहां से पैसे की निकासी नहीं की गई लोगों के द्वारा लगाए गए आरोप निराधार हैं उनका किसी कोऑपरेटिव बैंक में लेनदेन चल रहा था उसकी राशि बैंक द्वारा काट ली गई थी।

### दोषी पाए जाने पर होगी नियमानुसार कार्यवाही

जब इस विषय में मोहनगढ़ तहसीलद सावंत सिंह से बात की गई तो उनका कहना है कि अभी तक ऐसे मामले की मेरे पास कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है आपके द्वारा जानकारी प्राप्त हुई कियोस्क बैंक संचालक का रिकॉर्ड चेक किया जाएगा और यदि कियोस्क बैंक संचालक इस मामले में दोषी पाया गया तो नियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

## पात्रताधारी से मांगे गए फार्म

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। मप्र राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम भोपाल की संचालित योजनान्तर्गत जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति टीकमगढ़ द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के पात्रताधारी आवेदक जो स्वयं का व्यवसाय स्थापित करना चाहते है उनके आवेदन आमंत्रित किये गये है।**

योजनान्तर्गत सभी प्रकार के स्वरोजगार हेतु राशि 10000 रूपये से एक लाख होगी। वित्तीय सहायता ब्याज अनुदान योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित पर 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षों तक नियमित ऋण भुगतान पर दिया जायेगा।

## किसानों की सुविधा के चलते पारदर्शी व्यवस्था

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के माध्यम से किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उर्वरक वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुविधायुक्त उर्वरक का वितरण हो सके। उप संचालक कृषि के द्वारा अवगत कराया गया कि इसके लिए शासन ने बलराम ई-विकास एप द्वारा ई-टोकन उर्वरक वितरण आधारित व्यवस्था प्रारंभ की है जिसके माध्यम से जिले के किसान भाई अपने आधार सत्यापित ओटीपी से लॉगिन कर अपनी इच्छा अनुसार उर्वरक फुटकर विक्रेता का चयन कर ई-टोकन से खाद की बोरी प्राप्त कर सकते हैं।**

जानकारी के अनुसार बलराम ई-विकास ऐप के माध्यम से ई-टोकन जनरेट कर उर्वरक की बोरी प्राप्त करने हेतु चरणबद्ध प्रक्रिया इस प्रकार हैं- सर्वप्रथम किसान भाई अपना आधार दर्ज कर प्राप्त ओटीपी से पंजीकरण, लॉगिन करे। किसान की जानकारी ऑप्शन पर क्लिक कर आवश्यक जानकारी दर्ज करे। भू- अभिलेख देखे ऑप्शन से दर्ज भूमि की जानकारी देखे। भूमि दर्ज ना होने पर एग्रीस्टेक आई डी से भूमि जोडे। फसल विवरण जोड़े ऑप्शन से जिले का नाम चयन करते हुए किसान भाई बोनी की जाने वाली फसल जोडे। इसके बाद उर्वरक का चयन, कूपन जनरेट करे ऑप्शन पर क्लिक करे।

इसके बाद जिले का चयन कर उर्वरक का प्रकार, उर्वरक का नाम, बैग की संख्या एवं मात्रा दर्ज कर उर्वरक जोड़े पर क्लिक करे। उत्पन्न कूपन सूची ऑप्शन से जनरेट किए गए कूपन देख सकते हैं।जिले के किसान भाई अपने आधार सत्यापित ओटीपी से लॉगिन कर अपनी इच्छा अनुसार उर्वरक फुटकर विक्रेता का चयन कर ई-टोकन से खाद की बोरी प्राप्त कर सकते हैं।